राजस्थान सरकार

निदेशालय कोष एवं लेखा, राजस्थान जयपुर

वित्त भवन, ए–ब्लॉक, ज्योति नगर जनपथ, जयपुर–302005

(दूरभाष नं0:–0141–2740837, फैक्स 0141–2742309, ई–मेल: jacct.dta@rajasthan.gov.in)

क्रमांक :– एफ.4(ई)(1)(6)क.ले.भर्ती(2023)/अलेसे–III/2221 दिनांक :– 24.01.2025

–:कार्यालय आदेश:–

कनिष्ठ लेखाकार एवं तहसील राजस्व लेखाकार संयुक्त सीधी भर्ती परीक्षा–2023 दस्तावेज सत्यापन

कर्मचारी चयन बोर्ड, जयपुर द्वारा आयोजित कनिष्ठ लेखाकार एवं तहसील राजस्व लेखाकार संयुक्त भर्ती परीक्षा 2023 के सम्बन्ध में माननीय उच्च न्यायालय में दायर एस.बी.सिविल रिट संख्या 15462/2024, 14535/2024, 12976/2024, 15514/2024, 16796/2024, 13629/2024 1836/2024 व अन्य में माननीय न्यायालय द्वारा पारित आदेशों की पालना में अभ्यर्थियों को पात्रता जांच हेतु सूचीबद्ध किया गया हैं। पात्रता की जांच के पश्चात पात्र पाये गये अभ्यर्थियों में से वरीयता के आधार पर श्रेणीवार विज्ञापित पदों के अनुसार अभ्यर्थियों का चयन कर्मचारी चयन बोर्ड द्वारा किया जायेगा। विभाग द्वारा कनिष्ठ लेखाकार एवं तहसील राजस्व लेखाकार भर्ती परीक्षा 2023 में इन सूचीबद्ध अभ्यर्थियो को पात्रता की जांच एवं मूल दस्तावेजो से सत्यापन करवाये जाने हेतु सूचित किया जाता है कि वे अपने रोल नं0 के सामने अंकित दिनांक को कमरा नं. 112 (प्रथमतल) डी–ब्लॉक, ग्राउण्ड फ्लोर, वित्त भवन, जनपथ, जयपुर में निर्धारित समय एवं स्थान पर पात्रता की जांच हेतु विस्तृत आवेदन सह परिनिरीक्षा फॉर्म (Detailed Form cum scrutiny), वांछित दस्तावेजों की स्वप्रमाणित फोटो प्रति, 2 नवीनतम पासपोर्ट साईज फोटो एवं मूल दस्तावेजों के साथ आवश्यक रूप से उपस्थित होवें। पात्रता जांच एवं दस्तावेज सत्यापन हेतु अभ्यर्थियों को इस आदेश के अलावा अलग से कोई अवसर प्रदान नहीं किया जावेगा। अतः उक्त निर्धारित दिनांक एवं स्थान पर पात्रता जांच हेतु उपस्थित नहीं होने पर अस्थाई चयन निरस्त कर दिया जावेगा। **तिथिवार दस्तावेज सत्यापन हेतु अभ्यर्थियों के रोल नम्बर निम्नानुसार है:–**

क.सं	दिनांक एवं समय	रोल नं0
01	**29.01.2025** (बुधवार) प्रातः 10.00 बजे	714198 715687 715722 721390 729917 747906 766712 796543 796545 796546 796549 796552

पात्रता की जांच हेतु उपस्थित होते समय निम्न बातों का विशेष रूप से ध्यान रखा जावें :–

1. समस्त अभ्यर्थी कनिष्ठ लेखाकार एवं तहसील राजस्व लेखाकार संयुक्त सीधी भर्ती परीक्षा–2023 के लिये कर्मचारी चयन बोर्ड द्वारा दिनांक 20.06.2023 को जारी विज्ञापन संख्या 02/2023 एवं संशोधित विज्ञप्ति दिनांक 23.06.2023 का ध्यानपूर्वक अध्ययन कर लें।
2. अभ्यर्थी ऑनलाईन विस्तृत आवेदन सह परिनिरीक्षा फॉर्म (Detailed Form cum scrutiny) मय समस्त दस्तावेजों की स्व–प्रमाणित प्रति एवं जमा फीस की प्रति प्रिन्ट कर दस्तावेज सत्यापन के लिए अपने साथ लायेगा।
3. शैक्षणिक योग्यता, आयु, जाति, मूल निवास, चरित्र, विशेष योग्यजन, विवाह, खेल, राष्ट्रीयता, सेवारत होने संबंधी मूल प्रमाण–पत्र एवं दस्तावेज तथा स्वंय का पहचान पत्र एवं 2 नवीनतम पासपोर्ट साईज फोटो आवश्यक रूप से साथ लावें।

4. अभ्यर्थी अपना ई–आधार डाउनलोड कर जिसमे QR-CODE अंकित हो की प्रति आवश्यक रूप से साथ लावें।
5. विस्तृत आवेदन पत्र के साथ प्रमाण–पत्रो एवं दस्तावेजों की स्वप्रमाणित प्रति (संलग्न परिशिष्ट में निर्धारित क्रमानुसार) संलग्न करें।
6. अभ्यर्थी समान पात्रता परीक्षा(स्नातक स्तर), 2022 में प्राप्त अंकतालिका की प्रति आवश्यक रूप से साथ लावें। उक्त प्रति अभ्यर्थी स्वयं द्वारा की SSO ID से डाउनलोड कर प्राप्त की जा सकती है।
7. जिन अभ्यर्थियों द्वारा ऑनलाईन विस्तृत आवेदन सह परिनिरीक्षा फॉर्म (Detailed Form cum scrutiny) नहीं भरा गया है, वे अभ्यर्थी कर्मचारी चयन बोर्ड की वेबसाईट से उक्त फॉर्म डाउनलोड कर प्रिंट लेकर उसमें समुचित प्रविष्टियां कर 100 रूपये के पोस्टल ऑर्डर(सचिव, राजस्थान कर्मचारी चयन बोर्ड, जयपुर के नाम पर) के साथ दस्तावेज सत्यापन हेतु उपस्थित होवें।

(भूपेश माथुर)
निदेशक एवं पदेन
संयुक्त शासन सचिव